यूपी के अफसरों ने पीएम गति शक्ति मिशन की बारीकियों को जाना

लखनऊ (एसएनबी)। प्रदेश सरकार के सभी नोडल व तकनीकी अफसरों ने बृहस्पतिवार को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान कार्यशाला के आयोजन में हिस्सा लिया। साथ ही अधिकारियों ने पीएम गति शक्ति एनएमपी की बारीकियों को समझा।

आरएसएसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक सुशील चंद्रा ने सत्र की शुरुआत करते हुए पीएम गति शक्ति लेयर इंट्रीगेशन पर अपनी प्रेजेंटेशन सभी के सामने रखा। उनकी प्रेजेंटेशन ने न केवल विषय वस्तु को समग्रता के साथ रखा बल्कि अधिकारियों को कार्यशाला के बारे में काफी विस्तार से बताया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास सचिव व इंवेस्ट-यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश का प्रेजेंटेशन से कार्यशाला को गति मिली। उन्होंने विभाग की प्रगति और प्रमुख अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अब तक 24 लेयर का एकीकरण एवं सत्यापन हो चुका है। इसके अलावा 55 लेयर पोर्टल पर एकीकृत की गई है। इस आयोजन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार विनोद कुमार वर्मा, उप महानिदेशक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, डीके ओझा और निदेशक आरएसएसी-यूपी डॉ. पी. कुंवर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। कार्यशाला में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों को डॉ. एमएस यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

क्या है पीएम गति शक्ति मिशन : इस योजना के जरिए सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में रिफार्म करना चाहती है। जिसमें रेल, सड़क, हवाई अड्डा, सार्वजनिक वाहन, जलमार्ग, बंदरगाह और लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इस पूरी योजना को प्लान किया गया है।